पंजाब केसरी। 17/04/2024



जी.एस.एन. कॉलेज में आयोजित मतदाता पंजीकरण शिविर में भाग लेते विद्यार्थी। (देवदत्त)

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में लगा मतदाता पंजीकरण शिविर

अम्बाला, 16 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में कॉलेज के एन.एस.एस., एन.सी.सी., वाई.आर.सी., वूमेन सैल के संयुक्त तत्वाधान में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों के लिए मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बूथ स्तरीय अधिकारी निर्मला देवी ने मतदाताओं को चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए लोकतंत्र के महत्व से रूबरू करवाया।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. सीमा कंसल ने बताया कि इस वोटर रजिस्ट्रेशन कैम्प के माध्यम से कॉलेज के छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र में भागीदारी का महत्व समझाने और उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया, ताकि विद्यार्थी अपने नागरिक कर्तव्य के प्रति जागरूक हो सकें। कार्यक्रम के दौरान उपेंद्र कौर, राम मूर्ति, डा. राकेश कुमार, डा. धर्मवीर सैनी, डा. अनुपमा सिहाग और डा. मीनू राठी आदि मौजूद रहे।